दैनिक जागरण 15/09/2024

नृत्य में दीपजोत, गायन में सनमदीप अव्वल

प्रतिभा खोज के दौरान छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त व अन्य।

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कला के रंग मंच पर बिखेरे। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि मंच पर न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम की संयोजक डा. मंजीत कौर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। डा. राजेंद्र देशवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के मानसिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में योगदान मिलता है। कार्यक्रम में डा. कृष्ण पूनिया, डा. अनुराधा, डा. नीना, डा. ज्योति, डा. शिखा जग्गी, डा. मीनू राठी, डा. अनुपमा सिहाग, डा. नियति आदि मौजूद रहे।

इस तरह रहे प्रतियोगिता के परिणाम

- नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकाम की दीपजोत कौर, बीकाम की तनिष द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर बीकाम की कोमल।
- संगीत वादन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के विकास ने प्रथम, दूसरे स्थान पर बीए फर्स्ट ईयर के सनम दीप सिंह, तृतीय स्थान मुस्कान बीबीए और बीए प्रथम वर्ष की सुमन ।
- गायन प्रतियोगिता में बीए फर्स्ट ईयर के सनमदीप सिंह प्रथम, बीबीए फर्स्ट ईयर की मुस्कान, तीसरा स्थान देवी प्रीत।